# इन्क़िलाबी नज़र

आवाज़ ... आम आदमी की

लखनऊ, बृहस्पतिवार, 20 अगस्त 2026

सबसे उत्तम तीर्थ अपना मन है जो विशेष रूप से शुद्ध किया हुआ हो।
-स्वामी शंकराचार्य

वर्ष 18 अंक 348 मूल्य 4-00 रुपया पृष्ठ-12

तापमान - अधिकतम 32.8°C (-0.4) न्यूनतम 27.0°C (+1.6) सेंसेक्स 76,909.68 (-325.78) निफ्टी 24,078.30 (-076.60) सोना 1,55,120 चांदी 2,45,000 मुद्रा - डालर 95.61 दिरहम 26.05 रियाल 25.49




# तकनीक के दौर में भी पुस्तकालय की अहमियत बरकरार

## एरा विवि में लाइब्रेरियन डे और स्थापना दिवस मना




लखनऊ (सं)। डिजिटल संसाधनों और तेजी से बदलती तकनीक के बीच पुस्तकालयों की उपयोगिता आज भी कायम है। इसी संदेश के साथ एरा यूनिवर्सिटी की सेंट्रल लाइब्रेरी में लाइब्रेरियन डे और 10वें सेंट्रल लाइब्रेरी फाउंडेशन डे का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम में पुस्तकालय के विकास, आधुनिक सुविधाओं और शिक्षा में तकनीक के बढ़ते इस्तेमाल पर चर्चा हुई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अब्बास अली महदी का यूनिवर्सिटी लाइब्रेरियन डॉक्टर मोहम्मद काशिफ ने स्वागत किया। कुलपति ने कहा कि तकनीक कितनी भी विकसित क्यों न हो जाए, अध्ययन और ज्ञान के केंद्र के रूप में पुस्तकालय की आवश्यकता कभी समाप्त नहीं होगी। उन्होंने पुस्तकालयों को शिक्षा व्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार बताया। एरा मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. जमाल मसूद और डॉ. अंजुलाक्षी एनएस ने भी लाइब्रेरियन डे और सेंट्रल लाइब्रेरी के स्थापना दिवस की बधाई दी। उन्होंने शिक्षण और सीखने की प्रक्रिया में आधुनिक तकनीक को प्रभावी ढंग से शामिल करने पर जोर दिया। डॉ. मोहम्मद काशिफ ने सेंट्रल लाइब्रेरी की वेबसाइट के माध्यम से प्रस्तुति दी। इसमें पिछले दस वर्षों के दौरान लाइब्रेरी ऑटोमेशन के जरिए विकसित की गई सुविधाओं और उपलब्धियों की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि तकनीकी बदलावों के साथ पुस्तकालय सेवाओं को भी आधुनिक रूप दिया गया है। कार्यक्रम में विशेष आमंत्रित अतिथि हयात यूनानी मेडिकल कॉलेज की लाइब्रेरियन डॉ. इरम खान ने अपने अनुभव साझा करते हुए विद्यार्थियों और उपस्थित लोगों को प्रेरित किया। कार्यक्रम में अले अहमद समेत कई अन्य चिकित्सक व अधिकारी मौजूद रहे। इस मौके पर छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश किए गए।